Bihar Board Class 7 Social Science Important Questions Civics Chapter 2 राज्य सरकार

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
निर्वाचन क्षेत्र से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
निर्वाचन क्षेत्र से तात्पर्य उस क्षेत्र विशेष से है जहाँ रहने वाले सभी मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनते हैं।

प्रश्न 2.
'बहुमत' से क्या आशय है?
उत्तर:
बहुमत का आशय ऐसी स्थिति से है, जब किसी समूह के आधे से अधिक संख्या में लोग किसी निर्णय या विचार से सहमत हों।

प्रश्न 3.
किसी राज्य का अध्यक्ष कौन होता है?
उत्तर:
राज्यपाल किसी राज्य का अध्यक्ष होता है।

प्रश्न 4.
राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है?
उत्तर:
राज्यपाल की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।

प्रश्न 5.
भारत संघ में कुल कितने राज्य हैं?
उत्तर:
भारत संघ में कुल 28 राज्य हैं।

प्रश्न 6.
भारत संघ में कितने संघ राज्य क्षेत्र हैं।
उत्तर:
भारत संघ में 9 संघ राज्य क्षेत्र हैं।

evidyarthi

प्रश्न 7.
राज्य के लिए कौनसी संस्था कानून बनाती है?
उत्तर:
राज्य के लिए कानून विधानसभा बनाती है।

प्रश्न 8.
राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख कौन होता है?
उत्तर:
मुख्यमंत्री राज्य की कार्यपालिका का प्रमुख होता है।

प्रश्न 9.
राज्य कार्यपालिका से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
राज्य कार्यपालिका, राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा उसकी मंत्रिपरिषद तथा राज्य सरकार के लोकसेवकों से मिलकर बनती है।

प्रश्न 10.
विधानसभा क्या है?
उत्तर:
राज्य स्तर की कानून बनाने वाली वह संस्था जो जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों अर्थात् विधायकों से बनी होती है, विधानसभा कहलाती है।

लघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
विधायक कौन होते हैं?
उत्तर:
विधानसभा के सदस्य को विधायक कहा जाता हैं। विधायक का चुनाव जनता द्वारा किया जाता है। चुनाव में निर्वाचित होने के बाद निर्वाचित जनता का प्रतिनिधि विधानसभा का सदस्य बन जाता है।

प्रश्न 2.
विधानसभा के विधायकों का निर्वाचन किस प्रकार होता है?
उत्तर:
भारत के हर राज्य में एक विधानसभा है। हर राज्य कई विधानसभा-निर्वाचन क्षेत्रों में बँटा हुआ है। प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से उस क्षेत्र के वयस्क मतदाता अपना एक प्रतिनिधि गुप्त मतदान प्रणाली द्वारा चुनते हैं, जो विधानसभा का सदस्य बन जाता है। चुनाव में लोग अलग अलग पार्टियों के नाम से खड़े होते हैं। इसलिए. ये विधायक अलग-अलग राजनीतक दलों के होते हैं।

प्रश्न 3.
राज्य का प्रमुख कौन होता है? उसकी नियुक्ति किस उद्देश्य से की जाती है?
उत्तर:
राज्य का प्रमुख राज्यपाल होता है। उसकी नियुक्ति केन्द्र सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए की जाती है कि राज्य सरकार संविधान के नियमों-अधिनियमों के अनुसार अपना कामकाज चलाए।

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 4.
मुख्यमंत्री तथा उसके मंत्रिमंडल का निर्माण किस प्रकार होता है?
उत्तर:
चुनाव के बाद सत्ताधारी दल (विधान सभा में बहुमत प्राप्त दल) के विधायक अपने नेता का चुनाव करते हैं। इस सत्ताधारी दल के नेता को राज्यपाल मुख्यमंत्री नियुक्त करता है और मुख्यमंत्री की सलाह से अन्य मंत्रियों को नियुक्त करता है।

प्रश्न 5.
विधानसभा क्या है?
उत्तर:
विधानसभा ऐसा स्थान होता है जहाँ सभी विधायक, चाहे वे सत्ताधारी दल के हों अथवा विरोधी दल के, विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के लिए एकत्रित होते हैं तथा सरकार द्वारा किये गए निर्णयों व कानूनों को स्वीकृत या अस्वीकृत करते हैं। साथ ही विधानसभा सरकार के कार्यों की जाँच भी करती है।

प्रश्न 6.
सरकार या कार्यपालिका से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
सरकार शब्द से तात्पर्य शासन के विभिन्न विभागों और मंत्रियों से होता है, जो उनके प्रभारी होते हैं। इन सबका सामूहिक प्रमुख मुख्यमंत्री होता है। यही सरकार का कार्यकारी हिस्सा अर्थात् कार्यपालिका कहलाता है।

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/